

# असत्य पर सत्य की जीत : आतिशबाजी के साथ रावण-कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला दहन

## स्थानीय कलाकारों ने बनाए थे तीनों पुतले, सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुति, भरत-मिलाप होगा 9 अक्टूबर को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अक्टूबर, असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया. रीवा किला में गद्दी पूजन के बाद झांकी निकाली गई और एनसीसी मैदान में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला जलाया गया. जहा जमकर आतिशबाजी हुई और धू-धू कर रावण का पुतला जला.**

शाम को सबरी माला नाट्य मंचन का आयोजन भी किया गया साथ ही देर रात तक भजनों के साथ जयकारा गूंजता रहा. स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किए. सीधी से आए आर्या म्यूजिक ग्रुप के गायक कलाकार अरविन्द द्विवेदी आदि ने अपनी शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी. मनमोहक झांकियों के साथ सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, कार्यक्रम स्थल में पहले भगवान राम लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई उसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया. जिसमें शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी संख्या में लोग एकत्रित होते गए और धीरे-धीरे एनसीसी ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भर गया, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी. प्रभु राम के अग्निवाण से रावण, कुंभरण एवं मेघनाथ का पुतला दहन हुआ और जमकर आतिशबाजी हुई.







**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद** -समारोह में पहुंचे अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया. कार्यक्रम में संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, अध्यक्ष प्रकाश तारानी, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित, महासचिव देवेश कुमार सोनी एवं कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी, सुबंधु मिश्रा, दिव्यांशु गौतम, शुभम श्रीवास्तव, अंशुमान गुप्ता, मोहित मिश्रा, राजेश भल्ला, बंसी लाल साहू, सुनील सिंह, हर्ष सिंह, नगर विजयादशमी उत्सव समिति के संस्थापक संरक्षक सियाराम गुप्ता, संरक्षक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता संरक्षक महेन्द्र सर्राफ एवं मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित ''छोटू'', कमलेश सचदेवा, संजय चावला, शेखर सचदेव, महेश ठारवानी, दीपक शुक्ल, बृजेन्द्र ताम्रकार, शंकर सिंह बघेल, नरेश काली, अमित जैन,अमित ताम्रकार, अजय माधवानी, विनोद गुप्ता, उपदेश पंसारी, प्रतीक पाण्डेय मौजूद थे.



### अध्यक्ष प्रकाश तरानी ने जताया सभी का आभार

नगर विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी ने मंचासीन अतिथियों का आभार जताया साथ ही कहा कि विजयादशमी के इस उत्सव को आने वाले समय में और भव्यता प्रदान करने के लिए प्रयास किए जाएंगे अभी तक पुतला निर्माण के लिए बाहर से कारीगरों को बुलाया जाता था लेकिन इस वर्ष स्थानीय कारीगर रामकिशोर सोंधिया ग्राम कनौजा गोविंदगढ़ द्वारा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले का निर्माण किया गया. श्री तरानी ने आगे बताया कि हम चौत्र नवरात्रि में जागरण का कार्यक्रम कराते हैं. जगन्नाथ भगवान की यात्रा में प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है और रामनवमी में भी समिति द्वारा गल्ला मंडी में प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है. हमारी यह समिति लगातार और अच्छा करने का प्रयास कर रही है. प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले प्रशासन का आभार व्यक्त किया.

### किला में गद्दी पूजन के बाद निकली सवारी

दशहरा के दिन रीवा किला में गद्दी पूजन का कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न हुआ. महाराजा पुष्पराज सिंह ने गद्दी पूजन किया. साथ में युवराज विधायक दिव्यराज सिंह मौजूद रहे. तत्पश्चात गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी गई. तत्पश्चात सम्मान समारोह में मशहूर कत्थक नृत्यांगना पदमश्री सोवाना नारायन एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा सहित 8 लोगो को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान व्यापारी अशोक पप्पू गंगवानी, रवि ठारवानी, मनीष मलुकानी, रिंकू खेमचंदानी ने महाराजा पुष्पराज सिंह एवं युवराज दिव्यराज सिंह का गजमाला के साथ स्वागत किया.



## संक्षिप्त

### पुलिस प्रशिक्षण शाला में शस्त्र पूजा



**रीवा,** विजयादशमी के पावन अवसर पर पुलिस प्रशिक्षण शाला, रीवा में शस्त्र पूजा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन और उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा ने शस्त्रागार में विधिवत पूजा-अर्चन की. पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आदर्शों को स्मरण किया गया. पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने वक्तव्य में प्रशिक्षु नवआरक्षकों को इन महानायकों के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया. कार्यक्रम में सभी आंतरिक और बाह्य प्रशिक्षण अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे. विजयादशमी के इस पावन अवसर पर शस्त्र पूजा के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया और पुलिस बल की एकता और समर्पण का प्रदर्शन किया गया.

### ग्यारहवीं शरीफ आज मनाई जाएगी

**रीवा,** इस्लाम धर्म के महान सूफी संत, औलिया-ए-कामिल, पीराने-पीर, दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी रह0 की याद में मनाई जाने वाली ईद-ए-गौसिया (ग्यारहवीं शरीफ) का पर्व आज 04 अक्टूबर 2025 को पूरे देश-विदेश में अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा.




### प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गयी ट्रैक्टर रैली

**रीवा,** भावांतर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर विभिन्न आयोजनों के द्वारा लोगों को योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है. उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ग्राम बरहदी में ट्रैक्टर रैली का आयोजन कर किसानों को भावांतर योजना के बारे में जागरूक करते हुए किसानों को योजना से अवगत कराया गया. कृषि समिति रायपुर कर्चुलियान की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर ट्रैक्टर रैली को रवाना किया. इस अवसर पर गांव के कृषक, समाजसेवी रामनारायण सिंह एवं कृषि विभाग के राम जी पाण्डेय, निकिता तिवारी, कृष्णा सिंह, अंकित तिवारी तथा रवीन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे.

### मेधावी छात्र सम्मान समोराह आज

**रीवा,** भारतीय सिंधु सभा द्वारा 4 अक्टूबर को स्थानीय सिंधु भवन में मेघावी छात्र सम्मान समोराह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे 480 से अधिक मेघावी बच्चो को सम्मानित किया जाएगा व उनके साथ समाज के 4 प्रतिभावान बच्चो को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव मदन चुंगवानी ने बताते हुए कहा कि 25 वर्षो से लगातार संस्था द्वारा ये आयोजन बच्चो की प्रतिभा के मनोबल को बढाने के लिए किया जा रहा है.



# विजयादशमी पर पुलिस लाइन में उप मुख्यमंत्री ने किया शस्त्र पूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अक्टूबर, विजयादशमी पर्व पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पुलिस लाइन रीवा में शस्त्र पूजन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विजयादशमी पर्व असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है.**

उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में उत्साह, नई ऊर्जा और सुख-समृद्धि लेकर आएगा. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जी को सशस्त्र बल के जवानों ने गार्ड ऑफ आनर दिया. शस्त्र पूजन अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक मौजूद रहे.

### थानों में विधि विधान से किया गया शस्त्र पूजन

विजयादशमी पर पुलिस लाइन के अलावा जिले भर के थानो में विधि विधान से शस्त्र पूजन किया गया. थानो में रखे शस्त्रो को निकाल कर उनका पूजन किया गया. शहर के सभी थानो में थाना प्रभारियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया.

# रिमझिम बारिश के बीच नाचते-गाते दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अक्टूबर, रीवा शहर सहित जिले भर में सुबह से रिमझिम बारिश हो रही है और बारिश में भीगते हुए लोग दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कर रहे है. पंडालो से दुर्गा प्रतिमाएं लेकर नाचते-गाते युवको की टोलियां विसर्जन घाट तक पहुंच रही है जहा नगर निगम प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है.**



गौरतलब है कि दस दिन तक शारदेय नवरात्रि की धूम रही. दशहरा के दिन पंडालो से निकाल कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया और शुक्रवार को भी रिमझिम बारिश में प्रतिमाओं का विसर्जन जारी रहा. नाचते गाते लोग घाटो में प्रतिमा विसर्जन के लिये पहुंचे. नगर निगम द्वारा शहर में तीन स्थानो पर प्रतिमा विसर्जन के लिये घाट बनाए गए है जहा पर नगर निगम प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. सुरक्षा को देखते हुए घाट तक भीड़ को जाने से रोका गया और बड़ी प्रतिमाओं को हाईड्रा मशीन से विसर्जित किया गया. दिन भर प्रतिमा विसर्जन का दौर जारी रहा. बारिश भी भक्तो का उत्साह नही रोक पाई. डीजे की धुन पर नाचते हुए प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन घाट तक लोग पहुंचे. शुक्रवार को सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश रात तक होती रही, हालत यह रही कि बारिश नही थमी. लिहाजा सड़को पर सन्नाटा रहा. कई जगह घुठने तक पानी भर गया. कालेज चौराहा, सिरमौर चौराहा, सांई मंदिर के सामने पानी भरा रहा. इसी तरह कई निचली बस्तियो में भी पानी भर गया. सुबह से सूर्यदेव के दर्शन नही हुए, रिमझिम बारिश लगातार जारी है. दोपहर को आधे घंटे तक तेज बारिश हुई और उसके बाद रिमझिम बारिश जारी है. दरअसल सुबह 7 बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई और उसके बाद रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है. तापमान में गिरावट आने के साथ मौसम ठंडा है, मौसम विभाग की माने तो रात तक रिमझिम बारिश होगी. धान की फसल के लिये यह बारिश लाभदायक है लेकिन अन्य फसलो के लिये नुकसान दायक है. अभी बारिश शनिवार को भी जारी रहेगी.

### जिले में अब तक 830 .4 मिली मीटर हुई वर्षा

जिले में इस वर्ष मानसून की वर्षा नियमित और अच्छी हुई है. अभी भी वर्षा का क्रम जारी है. जिले में 3 अक्टूबर को 30 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. गतवर्ष इसी अवधि में 617 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले की औसत वर्षा 1044 .6 मिलीमीटर है. सुबह से शुरू हुई बारिश देर रात तक जारी रही. रीवा में अच्छी बारिश हुई है, लेकिन जवा एवं त्योंथर तहसील में इस बार कम वर्षा दर्ज की गई है. जबकि हुजूर और गुढ़ तहसील में अच्छी वर्षा हुई. धान की फसल के लिये बारिश लाभ दायक है.

# पूज्य पिताजी के प्रदत्त संस्कार व उनका आशीर्वाद साथ ही आप सबके स्नेह से ही मुझे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अक्टूबर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पूज्य पिताजी द्वारा प्रदत्त संस्कार, उनका आशीर्वाद तथा आप सबके स्नेह से ही मुझे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है. पिताजी के सत्कर्म ही मुझे यहाँ तक ले आए हैं. उनमें निष्काम कर्मयोगी की तरह अंतिम समय तक काम करने की आदत थी.**




मानस भवन में पं. भैयालाल शुक्ल व्याख्यान माला में निष्काम कर्मयोग एवं सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य पिताजी के नाम के प्रभाव से ही मैं राजनीति में आया. आदरणीय स्व. सुंदरलाल जी पटवा ने श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी से मेरा परिचय कराते हुए कहा था कि यह पं. भैयालाल शुक्ल जी के सुपुत्र हैं और उन्होंने मुझे राजनीति में प्रवेश कराया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की पैनी नजर हमेशा हमारे कार्यों पर रहती है. पिताजी ने भी हमेशा निष्काम कर्मयोगी की तरह कार्य करते हुए अपनी प्रतिष्ठा बनाई. उनके पुत्र होने का लाभ भी मुझे मिला. उनकी हमेशा से ही सीख रही है कि अपना संगठन बनाकर पूरी ईमानदारी से कार्य करो. उन्होंने मानस मण्डल द्वारा आयोजित स्तुति समारोह आयोजन के लिए आयोजकों साधुवाद दिया तथा आश्वस्त किया कि मानस भवन को और भव्यता मिलेगी. कार्यक्रम में जगदगुरू रामललाचार्य ने अपने आशिर्वचन में कहा कि निष्काम कर्म की पात्रता संत से ही प्राप्त होती है.

निष्काम कर्म में किसी भी प्रकार की आकांक्षा नहीं होती. पं. भैयालाल जी शुक्ल निष्काम कर्मयोगी थे. उन्होंने कहा कि स्व. भैयालाल जी शुक्ल के सत्कर्मों से ही उप मुख्यमंत्री जी अनथक कार्य कर रहे हैं. इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि निष्काम कर्म अत्यंत कठिन है. पं. भैयालाल जी शुक्ल ने ईमानदारी व कर्मठता से लोगों की बिना किसी आकांक्षा के मदद की जिससे उन्हें प्रसिद्धि व विश्वसनीयता मिली. विदुषी श्रीमती ज्ञानवती अवस्थी ने भी सम्बोधित किया. वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. शुक्ल ईमानदारी से कठिन कार्य को पूरा करने के लिए जाने जाते थे. मानस मंडल के अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक सुभाष पाण्डेय, जयराम शुक्ला ने भी सम्बोधित किया. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह सौंपकर सम्मान किया गया.

### सैनिक स्कूल में महाराजा मार्तण्ड सिंह की प्रतिमा लगे

**रीवा, 3 अक्टूबर,** रीवा में सैनिक स्कूल की स्थापना सं 1962 में भारत सरकार द्वारा की गई थी. सैनिक स्कूल प्रारम्भ करने के लिए सरकार के पास भूमि एवं भवन का अभाव था भारत सरकार की मनसा थी की सैनिक स्कूल वहाँ खोला जाये जहाँ भूमि एवं भवन सरकार को दान स्वरुप मिले. सरकार की ऐसी मनसा से महाराज रीवा अवगत हुए और उन्होंने आपने स्वामित्व की तीन सौ एकड़ जमीन एवं युवराज भवन सैनिक स्कूल रीवा में खुलने के लिए दान दे कर दानशीलता का सर्वोत्तम उदारहण प्रस्तुत किया था. ब्रह्मर्षि विश्वामित्र लोक सेवा कल्याण संगठन रायपुर कर्चुलियान ने सैनिक स्कूल रीवा में महाराज मार्तण्ड सिंह जूदेव के प्रतिमा स्थापित किये जाने की पहल की शुरू की तथा इस संदर्व में थल सेना वायु सेना जल सेना एवं रक्षा मंत्रालय से पत्राचार प्रारम्भ किया गया तथा आज उक्त संस्थाओं के सकारात्मक उतर भी प्राप्त भी हो रहे है. महाराज मार्तण्ड सिंह की प्रतिमा सैनिक स्कूल प्रांगण में लगवाने का आश्वासन मिला है, प्रतिमा लगाने सपना अब साकार होगा.



# कलेक्टर ने भावांतर योजना की जागरूकता रैली को किया रवाना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अक्टूबर, सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का अधिक लाभ देने के लिए भावांतर योजना लागू की गई है. इस योजना के तहत किसान 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक अपना पंजीयन कराकर योजना का लाभ उठा सकते हैं. योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिले भर में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में भावांतर योजना की जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि भावांतर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बाइक रैली निकाली गई. जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्डों में भी बाइक रैली और ट्रैक्टर रैली निकालकर भावांतर योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है. जिले भर में 2 अक्टूबर से आयोजित हो रही ग्राम पंचायत की विशेष ग्राम सभाओं में भी भावांतर योजना की जानकारी दी जा रही है.

उप संचालक ने बताया कि जिले में एसडीएम कृषि उपज मंडियों में किसान संगठनों और व्यापारियों के साथ बैठक करके भावांतर योजना की जानकारी दे रहे हैं.